<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

बिना रोपाई के धान की सीधी बोआई पर दिया प्रशिक्षण

पंतनगर। 18 मार्च 2026। विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन शोध परियोजना के 'अनुसूचित जाति उपयोजना' के अंतर्गत, ग्राम साधू नगर, पोस्ट–लामाखेड़ा, सितारगंज, जिला–उधमसिंह नगर में कृषक श्री सुरेश राणा जी के सहयोग से एक किसान सभा का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान श्रीमती रेखा देवी भी उपस्थित थी तथा इस कार्यक्रम में अत्यधिक संख्या में किसानों ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन खरपतवार प्रबन्धन परियोजना के परियोजनाधिकारी डा. एस.पी. सिंह ने किया। डा. सिंह ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी किसान भाईयों एवं बहनों को धान की सीधी बोआई कैसे करे, उन्नत बीजों का चयन, उर्वरक प्रबंधन एवं खरपतवार प्रबंधन के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने विभिन्न खरीफ फसलों जैसेः मक्का, सोयाबीन एवं सीधी धान की बोआई में खरपतवारनाशियों के प्रयोग की उचित मात्रा एवं उनके छिड़काव के समय के बारे में बताया एवं सुझाव दिया कि शाकनाशी के प्रयोग का उचित समय तब होता है, जब खरपतवार 2–4 पत्ती अवस्था में हो तथा अधिकतर किसान शाकनाशियों के छिड़काव के समय अधिक मात्रा में शाकनाशी व कम मात्रा में पानी का प्रयोग करते है, जिससे खरपतवारों का नियन्त्रण सही से नहीं हो पाता। परियोजना अधिकारी ने शाकनाशियों के प्रयोग की तकनीकियों के बारे में चर्चा करते हुये किसान भाई एवं बहनों को बूम नोजल का प्रयोग करने की सलाह दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला किसानों ने बढ़–चढ़ कर सवाल पूछे और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण में किसानों को आधुनिक तकनीक को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि कर सके।

अंत में परियोजना की तरफ से विभिन्न खरीफ फसलों में प्रयोग होने वाले शाकनाशियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में परियोजना के वरिष्ठ शोधार्थी आर.पी. सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, राजीव, प्रक्षेत्र सहायक सहित लगभग 92 पुरूष एवं महिला कृषक उपस्थित रहे।